कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट(सोनभद्र)

पत्रांक– 2772 / रेनुकूट / 15–108 दिनांक,रेनुकूट,फरवरी, 15 2021

सेवा में,

महाप्रबन्धक
नार्दन कोल फील्डस लि0
बीना विस्तार परियोजना
बीना–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रस्तुत ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–**FP/UP/MIN/24551/2017** के संबंध में ।

संदर्भः– 1–आपका पत्र संख्या–बीना / पर्या0 / यू0पी0फारेस्ट / एफ0सी0 / 2020 / 22 दिनांक–15.12.2020
2–इस कार्यालय का पत्र संख्या– 2646 / रेनुकूट / 15–108 दिनांक– 03.02.2021
3–मुख्य वन संरक्षक,मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर का पत्रांक–3337 / मी0क्षे0 / 33दिनांक–09.02.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रो का अवलोकन करने का कष्ट करे । इस कार्यालय के संदर्भित पत्र दिनांक– 03.02.2021 द्वारा ऑन लाईन वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की पॉच प्रतियॉ वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्राविधानो के अनुसार 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर की सेवा में प्रेषित की गयी थी । मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के संदर्भित पत्र दिनांक– 09.02.2021 द्वारा प्रश्नगत प्रस्ताव में चार बिन्दुओ पर कमियॉ / अभिलेखो का अभाव पाया गया है ।

उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत प्रकरण में **सी0एम0डी0 एन0सी0एल0 नार्दन कोल फील्डस लि0 सिंगरौली की ओर से इस आशय की वचनबद्धता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाय कि 30.50 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण के प्रकरण में भारत सरकार / उ0प्र0 सरकार द्वारा अधिरोपित समस्त शर्तो के अनुपालन मे देय धनराशि यथा एन0पी0वी0, क्षतिपूरक वनीकरण, प्रीमियम एवं लीज रेंट आदि की धनराशि तथा पट्टाविलेख को विना कोई विवाद उत्पन्न किये जिसमें माननीय न्यायालय की कार्यवाही भी सम्मिलित है , जमा करने हेतु वचनबद्धता प्रस्तुत करता हूँ ।**

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

संख्या– 2772 अ / सम दिनांकित ।

1. प्रतिलिपि :उप प्रभागीय वनाधिकारी, पिपरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
2. प्रतिलिपिः क्षेत्रीय वन अधिकारी, अनपरा ।

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट